प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज रांची के लोक भवन में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान श्री सेठ ने राज्यपाल को आगामी 1 से 3 मई तक रांची के ऑड्रे हाउस में आयोजित होने वाले सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेहतर सेवाओं पर ध्यान दे रहे हैं, ताकि नागरिकों को कोई असुविधा न हो। सोशल मीडिया पर उन्होंने कुछ मामलों को संज्ञान में लिया है। गिरिडीह के डांडीघुटु में पेयजल संकट का मामला संज्ञान में आने पर मुख्यमंत्री ने पेयजल और स्वच्छता मंत्री को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सोरेन ने पलामू में गलत बिजली बिल और उसमें सुधार के लिए मांगे जा रहे रिश्वत की खबरों को संज्ञान में लेते हुए जेबीवीएनएल को चेताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्थिति कतई बर्दाश्त के लायक नहीं है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें सूचना दी जाये।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मल्लिकार्जुन खरगे के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि आपत्तिजनक शब्द के इस्तेमाल से उन्होंने पूरे देश को शर्मसार कर दिया है। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का अपमान देशवासियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि देश की जनता इस अमर्यादित भाषा का करारा जवाब देगी। श्री मरांडी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राहुल गांधी से माफी की भी मांग की है।

****

गिरिडीह जिले के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के तुलाडीह गांव में बीती रात अगलगी की घटना में लाखों रुपए की संपति जलकर राख हो गया। आग पहले एक घर में लगी और देखते ही देखते तेज हवा के कारण आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। अगलगी की घटना में घरों में रखे अनाज, कपड़े और दैनिक उपयोग की सामग्री जलकर नष्ट हो गई। अगलगी का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है। पीड़ितों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

****

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की आज पहली बरसी है। पिछले वर्ष आज ही के दिन पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी।

इस बीच, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर पीड़ितों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है।

****

झारखंड समेत देश–दुनिया में आज विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में भी विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर सेमिनार का आयोजन किया गया और युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा प्रकृति के संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। इधर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मोरहाबादी स्थित टैगोर हिल में स्वच्छता अभियान चलाया गया और पौधरोपण किया गया।

****

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट आज वैदिक मंत्रोच्चार और विधि–विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। एक रिपोर्ट–

****

धनबाद में आयोजित भारत–नेपाल अंडर–19 मूक–बधिर क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। नेपाल द्वारा दिए गए 70 रनों के लक्ष्य को भारत ने मात्र 9 ओवरों में ही 8 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया।

****

थाईलैंड में आयोजित वर्ल्ड मास्टर खेलकूद प्रतियोगिता में देश का मान बढ़ाकर लौटे झारखंड के खिलाड़ियों का आज रांची पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन ने इन खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि 10 गोल्ड और 4 सिल्वर मेडल जीतना राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

*********समाप्त***************